# हारे को देता है सहारा | By Kumaar Mukesh

चलो मिलकर चलें खाटू धाम
जहाँ बनते हैं सबके बिगड़े काम
हारे को देता है सहारा खाटूवाला मेरा श्याम

आकर के दरबार में जो कोई अर्ज़ी लगाए
शीश झुकाये चरणों में मन इच्छा फल पाए
सारे जगत का पालनहारा साँचा है प्रभु तेरा नाम
हारे को देता है सहारा खाटूवाला मेरा श्याम

कलयुग के भगवान बाबा करते हैं कल्याण
जो इन्हे है पूजता रखते उसका ध्यान
खाटू की नगरी में बाबा पावन तेरा है ये धाम
हारे को देता है सहारा खाटूवाला मेरा श्याम

तेरे बिना प्रभु कौन मेरा और कहाँ मैं जाऊं
सर पर रख दो हाथ दया का भव सागर तर जाऊं
तारणहारा सारे जग का खाटू वाला मेरा श्याम
हारे को देता है सहारा खाटूवाला मेरा श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-kumaar-mukesh/